तापमान

अधिकतम 29.0 डिग्री

न्यूनतम 16.0 डिग्री

हरिभूमि
# बेमेतरा भूमि

रायपुर, रविवार 23 नवंबर 2025

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

12 रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 33.50 लाख...



14 सीजीपीएससी में जिले के दो युवक और दो युवती ने...



## खबर संक्षेप



### शाला में मास्टर माइंड प्रतियोगिता छात्रा केसर और देवपीका प्रथम

**बेमेतरा।** साजा विकासखण्ड के शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला रानो में बच्चों के लिए एक विशेष प्रतियोगिता का आयोजन शाला की नवाचारी शिक्षिका प्रतीक जैन ने किया। जिसमें बच्चों को एक मिनट के अंदर विज्ञान से सम्बंधित शब्द बोलने थे। प्रतियोगिता में खेमचंद, भुनेश्वरी, जागृति, केसर एवं देवपीका ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बच्चों की आँख में पट्टी बांधी गई थी ताकि वो कक्षा के शब्दों को ना देख सकें। इसमें खेमचंद ने एक मिनट के अंदर 19, जागृति 26, भुनेश्वरी 32, केसर 33 एवं देवपीका ने भी 33 शब्द बोले। केसर एवं देवपीका ने प्रथम स्थान प्राप्त किया तथा भुनेश्वरी ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। शिक्षिका के इस तरह के आयोजन से बच्चों में खेल भावना, आत्मविश्वास, प्रदर्शन क्षमता एवं शब्दकोष आदि का विकास एवं वृद्धि होती है। जिसमें बच्चे बहुत ही रूचि से भाग लेते हैं तथा उन्हें विभिन्न स्तर की कई महत्वपूर्ण बातें भी सीखने को मिलती हैं। इस अवसर पर संस्था के प्रधान पाठक किशुनराम साहू, अवधराम वर्मा, कनकलता सरसुधे, प्रतीक जैन एवं बच्चे उपस्थित रहे।

### बालक को जमीन पर पटकर मौत के घाट उतारा, दंपती को उम्रकैद

**दुर्ग।** कुम्हारी थाना अंतर्गत सौतेले बेटे को जमीन पर पटकर मौत कारित किए जाने के मामले में कोर्ट ने आरोपी पति-पत्नी को उम्र कैद की सजा सुनाई। जिला एवं सत्र न्यायाधीश के विनोद कुजूर के न्यायालय से यह फैसला आया। प्रकरण में आरोपियों द्वारा पुलिस को गुमराह करने का प्रयास किया गया। बावजूद प्रकरण में आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया गया। प्रकरण के मुताबिक घटना 31 जनवरी 2024 से 1 फरवरी की शाम के बीच की है। दौलतपुरा मोंगा पंजाब निवासी मनप्रीत सिंह (26 वर्ष) ग्राम कचना मड़ेली धमतरी निवासी गायत्री साहू (28 वर्ष) को पत्नी बनाकर रखा था। गायत्री का एक 4 साल का बेचे जगदीप सिंह था। आरोपी मनप्रीत सिंह उससे अक्सर मारपीट किया करता था। घटना दिनांक को भी मारपीट कर जमीन पर पटक दिया, जिससे बालक की मौत हो गई। कुम्हारी पुलिस ने प्रकरण तैयार कर न्यायालय में पेश किया। जहां दोनों आरोपियों पर दोष सिद्ध पाया गया। आरोपियों को 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई गई।

# प्राथमिक शाला साल्हेपुर में हाट-बाजार के माध्यम से बच्चों में ज्ञान व कौशल विकास

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

■ खेल-खिलौनों ने अभिभावकों और ग्रामीणों का विशेष ध्यान आकर्षित किया

विकासखंड बेरला के शासकीय प्राथमिक शाला साल्हेपुर में बैगलेस डे के अवसर पर बच्चों के सर्वांगीण विकास तथा शैक्षणिक गतिविधियों को प्रोत्साहित करने के लिए आज हाट-बाजार गतिविधि और विभिन्न प्रकार की रचनात्मक प्रतियोगिताओं का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में बच्चों ने अपनी सृजनात्मक प्रतिभा, संवाद-कौशल, गणितीय समझ, व्यवहारिक ज्ञान और टीम वर्क का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया तथा उत्साहपूर्ण सहभागिता के माध्यम से सीख को आनंदमय अनुभव में बदल दिया। हाट-बाजार गतिविधि के दौरान बच्चों ने दुकानदार, ग्राहक और सहायक जैसे रोल निभाते हुए वास्तविक जीवन से जुड़ी प्रक्रियाओं को व्यवहारिक रूप से सीखा। वस्तुओं का चयन, उनकी सजावट, मूल्य निर्धारण, गिनती, खरीद-फरोख्त और लेन-देन जैसे कार्यों ने बच्चों के भीतर गणितीय एवं सामाजिक कौशल को मजबूत किया। बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल, हस्तनिर्मित वस्तुएँ, खाद्य सामग्री और खेल-खिलौनों ने अभिभावकों और ग्रामीणों का विशेष ध्यान आकर्षित किया, जिन्होंने बच्चों की प्रतिभा की खुलकर प्रशंसा की। कार्यक्रम के दूसरे चरण में फुगड़ी, बांटी, पिट्टूल, नदी– ▸▸|शेष पेज 12 पर

**बच्चों द्वारा तैयार किए गए मॉडल, हस्तनिर्मित वस्तुएँ, खाद्य सामग्री**



### गतिविधियां वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़तीं हैं: प्रधानपाठक

प्रधान पाठक अंबालिका पटेल ने बच्चों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार की गतिविधियाँ बच्चों को वास्तविक जीवन के अनुभवों से जोड़ती हैं। उनकी शैक्षणिक क्षमता के साथ-साथ मानसिक एवं सामाजिक विकास में भी अत्यंत सहायक सिद्ध होती हैं। एसएमसी सदस्यों, पालकों और ग्रामीणों की सक्रिय उपस्थिति ने कार्यक्रम को और अधिक उत्साहपूर्ण व प्रभावी बनाया। इस प्रकार विद्यालय में आयोजित हाट-बाजार एवं विविध गतिविधियों पर आधारित यह शैक्षणिक आयोजन बच्चों की सीखने की प्रक्रिया को आनंददायक, अनुभवात्मक और परिणाममूलक बनाने में अत्यंत सफल रहा।

**सम्मानित : कलेक्टर ने प्रशस्ति पत्र देकर किया सम्मान, निर्वाचन कार्यों में पारदर्शिता व दक्षता की सराहना**

# एसआईआर में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले बीएलओ सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को आज जिला कार्यालय में सम्मानित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने तीनों बीएलओ को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर उनके सराहनीय कार्यों की प्रशंसा की।

विधानसभा क्षेत्र 68 – साजा, मतदान केंद्र 49 – पदमी में कार्यरत रोजगार सहायक सनत कुमार सिन्हा ने कुल 1218 मतदाताओं में से 1218 गणना पत्रक वितरण, 66.26% वोटर मैपिंग तथा 984 (84.90%) डिजिटाइजेशन पूर्ण कर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। इसी विधानसभा क्षेत्र 69 बेमेतरा, मतदान केंद्र 256 – गुहेली की आंगनबाड़ी कार्यकर्ता संगीता परगनिहा ने 1082 मतदाताओं के लिए 1082 गणना पत्रक वितरण, 37.99% वोटर मैपिंग और 774 (71.53%) डिजिटाइजेशन कार्य पूर्ण किया। विधानसभा क्षेत्र 70 – नवागढ़, मतदान केंद्र 176 – झाकी में सहायक शिक्षक संतराम ध्रुव ने 1360 मतदाताओं ▸▸|शेष पेज 12 पर





### भाजपा नेता पहुंचे बूथ, एसआईआर प्रक्रिया पूर्ण करने में किया सहयोग

बेमेतरा। शहर के कोबिया क्षेत्र स्थित आंगनबाड़ी केंद्र में बूथ क्रमांक 34 पर चल रहे एसआईआर मतदाता गहन पुनरीक्षण कार्य में आज भाजपा के पूर्व जिलाध्यक्ष राजेन्द्र शर्मा ने पहुँचकर वार्डवासियों को मतदाता संबंधी प्रक्रियाओं में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया। श्री शर्मा ने आंगनबाड़ी केंद्र में उपस्थित नागरिकों को फॉर्म भरने, नई प्रविष्टि, नाम सुधार, पता परिवर्तन एवं दस्तावेज जमा कराने में व्यक्तिगत रूप से सहायता की। उन्होंने प्रत्येक मतदाता से पुनरीक्षण की आवश्यकता, प्रक्रियाओं और निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित अभियान के महत्व पर विस्तृत चर्चा की। वार्डवासियों ने समय पर मतदाता सूची को अद्यतन करने की पहल की सराहना की। उपस्थित नागरिकों ने कहा कि इस अभियान से सही पात्र व्यक्ति का नाम सूची में जुड़ता है और किसी भी प्रकार की त्रुटियों को ठीक करने का मौका मिलता है। इस दौरान राजेन्द्र शर्मा ने कहा कि निर्वाचन आयोग द्वारा संचालित मतदाता पुनरीक्षण अभियान लोकतांत्रिक व्यवस्था को और मजबूत बनाता है। प्रत्येक योग्य नागरिक का नाम मतदाता सूची में होना आवश्यक है, ताकि वे अपने मताधिकार का उपयोग कर सकें। उन्होंने बूथ स्तर के अधिकारियों के कार्य की भी प्रशंसा करते हुए कहा कि वे पूरे समर्पण और पारदर्शिता के साथ मतदाता पुनरीक्षण कार्य को संपादित कर रहे हैं। कार्यक्रम के दौरान वार्डवासी उपस्थित रहे और सभी ने सक्रिय रूप से दस्तावेज़ जमा कर अपना सहयोग प्रदान किया। श्री शर्मा द्वारा लोगों को दी गई सहायता एवं मार्गदर्शन से स्थानीय नागरिकों में सटीक और अद्यतन मतदाता सूची तैयार करने के प्रति जागरूकता बढ़ी है। इस अवसर पर आंगनबाड़ी सहायिका बीएलओ सरिता देवांगन, भाजपा नेता कमलेश वर्मा पार्षद प्रतिनिधि राम संजीवन टंडन संतोष सेन सहित वार्डवासी उपस्थित थे ।



# बेमेतरा-बेरला मुख्य मार्ग को मिल रही गड्ढों से निजात

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा/बेरला

लोक निर्माण विभाग अंतर्गत विभिन्न क्षेत्रों की प्रमुख मार्गों पर गड्ढे से आमजनों के साथ साथ वाहन चालक भी परेशानियों से गुजरना पड़ रहा था । आमजनों एवं जनप्रतिनिधियों की मांग पर लोक निर्माण विभाग युद्ध स्तर पर इन मुख्य सड़क मार्ग पर पेचवर्क कार्य तो करा रही है परंतु विभाग को कई स्थानों पर दोबारा पेचवर्क के कार्य करने की नौबत आ रही है ।

इसका कारण बताया जा रहा है कि कई रहवासी क्षेत्रों से सड़के गुजरती हे ओर उचित पानी की निकासी का साधन नहीं होने से सड़क पर बहने वासे पानी से मरम्मत के तौर पर किए पेचवर्क को नुकसान कर रही । ऐसी ही स्थिति बीते दिनों नगर पंचायत बेरला से बेमेतरा मुख्य सड़क मार्ग पर स्थित



ग्राम सरदा में सामने आई जहां पर गड्ढों पर पेचवर्क ओर मरम्मत किया गया परंतु उक्त स्थल से आम जगहों से निकलने वाले बहते पानी के चलते तीन से चार दिन में मरम्मत किए गए पेचवर्क उखड़ने लग गया । इधर ग्रामीणों ने फिर से विभाग के कार्य पर सवाल खड़ा करते हुए गड्ढों की मरम्मत की मांग की जिसके उपरांत टेक्निकल पहलुओं पर ध्यान देते हुए उक्त स्थल में पहले पानी निकासी के लिए टैम्पेरी नाली बनाया फिर ठेकेदार से दोबारा पेचवर्क का कार्य करवाया ।

# प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान चलाया जाएगा स्वास्थ्य केंद्रों में आज

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में गर्भवती महिलाओं की सुरक्षित मातृत्व सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 24 नवंबर को प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान का आयोजन किया जाएगा। स्वास्थ्य विभाग, सीएमएचओ कार्यालय बेमेतरा द्वारा जारी निर्देशानुसार प्रत्येक माह की 9 और 24 तारीख को जिले की सभी शासकीय स्वास्थ्य संस्थाओं में प्रसव पूर्व जांच हेतु यह विशेष अभियान चलाया जाता है। 24 नवंबर को यह अभियान जिला अस्पताल बेमेतरा, सभी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र तथा चिन्हांकित उप स्वास्थ्य केंद्रों में आयोजित होगा। अभियान में गर्भवती महिलाओं में उच्च जोखिम वाले लक्षणों की समय रहते पहचान कर विशेषज्ञ एवं प्रशिक्षित चिकित्सकों द्वारा गुणवत्तापूर्ण उपचार सुनिश्चित करना है, ताकि मातृ मृत्यु दर को कम किया जा सके। इस दौरान गर्भवती महिलाओं की शत-प्रतिशत पहचान कर उन्हें आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जाएंगी। अभियान में सोनोग्राफी सुविधाएं उपलब्ध रहेंगी तथा फ्लो चार्ट के अनुसार सभी चरणों की निगरानी सुनिश्चित की जाएगी। विशेषज्ञ चिकित्सक के साथ-साथ निजी डॉक्टरों की भी सक्रिय भागीदारी रहेगी, जिससे जोखिम वाली गर्भावस्थाओं का सही समय पर प्रबंधन संभव हो सके। अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं को पोषण, संस्थागत प्रसव, और खतरे के लक्षणों की पहचान संबंधी महत्वपूर्ण जानकारी प्रदान की जाएगी। स्वास्थ्य विभाग का मानना है कि सही दिशा में समय पर दी गई परामर्श सेवाएं मातृ व शिशु स्वास्थ्य में महत्वपूर्ण सुधार लाती हैं।

### गर्भवती महिलाएं जांच व परामर्श सेवा का अनिवार्य लाभ लें: सीएमएचओ

सीएमएचओ और सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक ने हितग्राहियों से अपील की है कि जिले की सभी गर्भवती महिलाएं 24 नवंबर को अपने निकटतम स्वास्थ्य केंद्र पहुँचकर दिवस पर आयोजित जांच एवं परामर्श सेवाओं का अनिवार्य रूप से लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि "अभियान का उद्देश्य मातृ स्वास्थ्य को सुरक्षित करना है। सभी लाभार्थी निर्धारित तिथि को स्वास्थ्य जांच अवश्य करवाएँ और इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाएँ। प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान बेमेतरा जिले में गर्भवती महिलाओं की स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए एक प्रभावी माध्यम साबित हो रहा है। नियमित जांच, विशेषज्ञ परामर्श और जोखिम की समय पर पहचान से मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य बेहतर बनाने का लक्ष्य लगातार मजबूत होता जा रहा है।

# कलेक्टर ने किया एसआईआर कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिले में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण कार्यक्रम (एसआईआर -2026) को और अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी रणबीर शर्मा ने ग्राम चोरभट्ठी, मटका एवं आस-पास के अन्य गांवों में पहुंचकर बीएलओ व सुपरवाइजरों के कार्यों का आकस्मिक निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने घर-घर सर्वे, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटियों के सुधार, मृत मतदाताओं के नाम हटाने, तथा फॉर्म-6, 7 और 8 के संधारण की



स्थिति का विस्तार से अवलोकन किया। उन्होंने बीएलओ को निर्देशित किया कि निर्धारित समय सीमा के भीतर शत-प्रतिशत सत्यापन सुनिश्चित किया जाए एवं प्रत्येक पात्र नागरिक का नाम मतदाता सूची में अनिवार्य रूप से जोड़ा जाए। श्री शर्मा ने ग्रामीणों से भी बातचीत कर पुनरीक्षण कार्य की वास्तविक स्थिति जानने का प्रयास किया। उन्होंने कहा कि "निर्वाचन कार्य पूर्णतः संवेदनशील है, इसमें किसी भी प्रकार की लापरवाही स्वीकार्य नहीं। प्रत्येक प्रविष्टि पारदर्शी और तथ्यात्मक होनी चाहिए।" कलेक्टर ने सुपरवाइजरों को स्पष्ट निर्देश दिए कि नियमित निगरानी रखें, फील्ड विज़िट बढ़ाएँ, दैनिक आधार पर समीक्षा करें, ताकि किसी भी प्रकार की त्रुटि या लापरवाही की गुंजाइश न रहे। उन्होंने यह भी कहा कि जिले में SIR-2026 के अंतर्गत सभी ग्रामों एवं वार्डों में कार्य तेजी से और प्राथमिकता के साथ किया जा रहा है, जिससे ▸▸|शेष पेज 12 पर

**उद्यमियों व महिलाओं को मिला आधुनिक व्यापार कौशल का प्रशिक्षण**

# डिजिटल और ई-मार्केटिंग प्रणाली से उद्योग व्यापार की क्षमता बढ़ेगी

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बेमेतरा

जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र द्वारा रैंप (राइजिंग एंड एक्सेलेरेटिंग एमएसएमई परफॉरमेंस ) योजना के अंतर्गत ई-मार्केट प्लेस एवं डिजिटल मार्केटिंग विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन संयुक्त कार्यालय के दिशा सभाकक्ष में किया गया। यह कार्यक्रम कलेक्टर रणबीर शर्मा की अध्यक्षता में संपन्न हुआ, जिसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला में जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के अधिकारियों/कर्मचारियों की उपस्थिति में जिले के स्व-सहायता समूहों की महिलाएँ, स्थानीय उद्यमी, स्टार्ट-अप से जुड़े युवा, तथा विभिन्न सामाजिक एवं व्यावसायिक संस्थाओं के सदस्य सम्मिलित हुए। उपस्थित प्रतिभागियों को रैंप टीम के विशेषज्ञों द्वारा ऑनलाइन व्यापार, डिजिटल मार्केटिंग टूल्स, प्रोडक्ट लिस्टिंग, ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म में रजिस्ट्रेशन, कंटेंट प्रबंधन, तथा ऑनलाइन बिक्री बढ़ाने



की रणनीतियों पर विस्तृत जानकारी प्रदान की गई।कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों को यह भी समझाया कि आज के प्रतिस्पर्धी बाजार में डिजिटल प्लेटफॉर्म का सही उपयोग कैसे उनके उत्पादों की पहुंच को स्थानीय स्तर से राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय बाजार तक विस्तारित कर सकता है। स्व-सहायता समूहों की महिलाओं ने डिजिटल माध्यमों से व्यापार बढ़ाने में विशेष रुचि दिखाई और इसे अपने समूहों के आर्थिक सशक्तिकरण का एक महत्वपूर्ण अवसर बताया। कार्यशाला को अधिक प्रभावी बनाने के लिए रैंप टीम ने लाइव डेमोंस्ट्रेशन, ऑनलाइन मार्केटप्लेस अकाउंट सेटअप, तथा उत्पादों की डिजिटल ब्रांडिंग जैसे विषयों पर व्यावहारिक प्रशिक्षण भी दिया। प्रतिभागियों ने इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम आधुनिक व्यापार प्रणाली को समझने और अपनाने में अत्यंत लाभकारी हैं।

**डिजिटल मार्केटिंग व ई-मार्केटप्लेस विकास के प्रभावी माध्यमः कलेक्टर–** समापन सत्र में कलेक्टर रणबीर शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा कि वर्तमान समय में डिजिटल मार्केटिंग और ई-मार्केटप्लेस उद्यम विकास के अत्यंत प्रभावी माध्यम बन चुके हैं। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को प्रोत्साहित किया कि वे आधुनिक तकनीक का उपयोग करके अपने व्यवसाय को नई ऊंचाइयों तक ले जाएँ। कलेक्टर ने बताया कि रैंप योजना का उद्देश्य एमएसएमई एवं छोटे उद्यमों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाना, विपणन के नए अवसरों से जोड़ना और स्थानीय उत्पादों को बड़े बाजारों तक पहुँचाना है।अंत में उन्होंने जिला प्रशासन की ओर से यह आश्वासन दिया कि उद्यमिता को बढ़ावा देने हेतु इसी प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रम आगे भी नियमित रूप से आयोजित किए जाएंगे, ताकि बेमेतरा जिले के उद्यमी आत्मनिर्भर बनते हुए मजबूत आर्थिक योगदान दे सकें।



## खबर संक्षेप



### ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट के लिए पुलिस कर्मियों का चयन

**भिलाई।** नागपुर में आयोजित 6 दिवसीय 69 वीं ऑल इंडिया पुलिस ड्यूटी मीट 2025 के लिए दुर्ग पुलिस रेंज से अधिकारियों एवं कर्मियों का चयन किया गया है। इसमें 6 विषयों साइंटिफिक एड्स टू इंवेस्टीगेशन, पुलिस फोटोग्राफी, पुलिस वीडियोग्राफी, एण्टीसबोटाज चेक, कम्प्यूटर अवेयरनेस, डॉग स्क्वाड पर प्रतियोगिता होगा। प्रतियोगिता में चयनित प्रतिभागियों दुर्ग जिला उप निरीक्षक अमित अंदानी, सहायक उप निरीक्षक किरेन्द्र सिंह, निरीक्षक रविशंकर पाण्डेय, सउनि कांताराम थिलेन्द्र, जिला बालोद, आरक्षक शेख अबुबकर, जिला दुर्ग आरक्षक मनीष ठाकुर, जिला बालोद, आरक्षक विजेन्द्र सिंह, दुर्ग आरक्षक हीरालाल , आरक्षक सुरेश नारंगे, जिला बेमेतरा आरक्षक काशीराम बरेठ, दुर्ग, आरक्षक विनोव राजपूत, जिला बेमेतरा, आरक्षक राजकुमार कश्यप,आरक्षक नरेन्द्र लहरे दुर्ग पुलिस रेंज से चयनित कर पुलिस मुख्यालय, रायपुर भेजा गया है।

### बीएसपी का विशेष स्वच्छता अभियान

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के नगर सेवाएं एवं जन स्वास्थ्य विभाग (पीएचडी) द्वारा टाउनशिप क्षेत्र में विशेष स्वच्छता अभियान ऑपरेशन नसीब चलाया जा रहा है।विभाग द्वारा सार्वजनिक स्थलों को स्वच्छ किया जा रहा है। लोगों को सफाई के प्रति जागरुक किया जा रहा है। महाप्रबंधक केके यादव ने सिक्स ट्री एवेन्यू, सेक्टर-8 से पावर हाउस स्टेशन होते हुए सेक्टर-10 तक का निरीक्षण के दौरान सिक्स ट्री एवेन्यू के पटरी पार क्षेत्रों में देर रात व्यापारी एवं रहवासी द्वारा फेंके जा रहे कूड़े, बिल्डिंग मलबे एवं पैकेजिंग वेस्ट को हटाने सफाई अभियान चलाने के निर्देश दिए। अभियान में सड़कों के किनारों से बड़े पैमाने पर कचरे के ढेर हटाए जा रहे हैं, झाड़ियों की कटाई की जा रही है। सेक्टर-10 सहित अन्य सेक्टरों में झाड़ियों की कटिंग,डंप हटाने का कार्य निरंतर जारी है। इस दौरान एजीएम रमेश कुमार गुप्ता, मिलिंद कुमार आदि उपस्थित थे।

# रेलवे में नौकरी लगाने के नाम पर 33.50 लाख की ठगी, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

रेलवे में नौकरी दिलाने का झांसा देकर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश पुलिस ने किया है। पुलिस ने तीन आरोपी युवकों को गिरफ्तार किया है। घटना उतई थाना क्षेत्र का है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि वेदांता नगर दुर्ग निवासी रीति देशलहरा ने 18 नवंबर 2023 को शिकायत पुलिस से की थी। बताया गया था कि नवरात्रि पर्व 2022 में परिचित बिशेश्वर मारकंडे उनके घर आया था।

बिशेश्वर ने रीति देशलहरा के पति को बताया कि वह रसमड़ा रेलवे माल गोदाम में लीडर है। स्थायी नौकरी दिलवा सकता है। बिशेश्वर ने दावा किया कि वह तीन माह के भीतर उसकी नियुक्ति हो जाएगी। इसके लिए प्रति व्यक्ति 2.50 लाख रुपए देना होगा। झांसे में आकर 32 युवकों ने रेलवे में नौकरी के लिए 24 दिसंबर 2022 से 24 अप्रैल 2023 के बीच रुपए 33.50 रकम वसूला गया था। लेकिन आरोपी से कई बार नौकरी की जानकारी लेने पहुंचते थे। आरोपी युवकों ने युवाओं को नौकरी दिलाने का आश्वासन लगातार देते थे।

महीनों बीत जाने के बाद भी युवाओं की नौकरी नहीं लग पाई। परेशान लोगों ने रकम वापस करने आरोपियों पर दबाव बनाया। परेशान होकर पुलिस के पास युवा पुहुचे। पुलिस जांच में पता चला कि बिशेश्वर पहले माल गोदाम में हमाली का काम करता था। तब से हेमंत साहू से पहचान हुई। जो खुद को रेलवे माल गोदाम श्रमिक संगठन का सचिव बताता था। प्रमोद मारकंडे भी इस ठगी के गिरोह का हिस्सा था। इस ठगी मामले में पुलिस ने आरोपी ग्राम चारभाठा ठेकुआ रानीतराई निवासी बिशेश्वर मारकंडे, प्रमोद मारकंडे, मकान नंबर 214 सरोना चौक आमानाका रायपुर हेमंत कुमार साहू को गिरफ्तार किया है। कार्रवाई में उतई थाना प्रभारी महेश ध्रुव समेत उनकी टीम का योगदान रहा है।

## 32 युवाओं से ली रकम, हर किसी से 2.50 लाख लिया गया



### ठगी की रकम को स्वयं के उपयोग में लाया

एएसपी अभिषेक झा के मुताबिक आरोपियों के पूछताछ में बताया कि हेमंत साहू बेरोजगार युवकों को नौकरी का लालच देता था। बिशेश्वर उम्मीदवार लाता था और रकम हेमंत को सौंप दी जाती थी। रेल माल गोदाम में पदस्थ कर्मचारी होना दिखाकर इन्हें जुगाड करने का भरोसा दिलाया गया था। नौकरी के लिए युवाओं द्वारा पूछताछ करते थे। तो आरोपियों द्वारा बहाने बनाकर उन्हें गुमराह किया जाता। इस दौरान युवाओं को रकम तक नहीं लौटाया जाता था। मिले रकम से आरोपियों ने गाड़ियां खरीदी, घर बनाने और निजी खर्चों में उपयोग करना स्वीकार किया।

## हिरणों और भालुओं को भी ठंड से बचाने के लिए किए गए जतन

# टाइगर को ठंड, जलाया अलाव, मैत्रीबाग में वन्य प्राणियों को ठिठुरन से बचाने किए इंतजाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

ठंड बढ़ने के साथ ही मैत्रीबाग जू में जानवरों और पक्षियों के लिए व्यापक इंतजाम किए गए हैं। सर्दी से बचाने के लिए वन्य प्राणियों की देखभाल बढा दी गई है और खानपान का भी खास ध्यान रखा जा रहा है।

शहर में पिछले पखवाड़ेभर से ठंड ने अपना असर दिखाना शुरु कर दिया है। दिन में ठंडी पड़ने के साथ शाम होते ही पारा गिरने लगा है। दिसंबर के पहले हफ्ते में कड़ाके की ठंड के साथ शीत लहर चलने के आसार हैं। इसे देखते हुए प्रबंधन द्वारा मैत्रीबाग चिडियाघर में वन्य प्राणियों को ठंडी से बचाने लिए व्यापक प्रबंध किए गए हैं। हिरणों के बाड़े में अलाव जलाए जा रहे है। जू में करीबन सवा सौ हिरण हैं। भालुओं और वाइट टाइगर के एनक्लोजर में कैज के सामने में सिगड़ी से गर्माहट रखी जा रही है। अन्य संवेदनशील जानवरों को भी सर्दी न लगे,इसके लिए इंतजाम किए गए हैं। चिड़ियाघर मेंजानवरों के अलावा परिंदों के लिए जतन किए गए हैं। बड्र्स काम्पलेक्स में पक्षियो के कैज के सामने चटाई लगाई गई है। इससे उन्हें सर्द हवाओं से बचाने में मदद मिलेगी। जू में पिकांक, लव बड्र्स, एडजूटेंड स्टार्क, पैरेट आदि सौ से अधिक पक्षी हैं। विशेषज्ञों ने बताया कि पक्षी संवेदनशील होते हैं अधिक ठंड पड़ने पर उन्हें सर्दी लगने का खतरा होता है। लिहाजा गर्माहट के लिए पूरे बड्र्स काम्पलेक्स में परिंदों के जालीदार कैजों के बाहर चटाई लगाई गई है।

## बड्र्स काम्पलेक्स के कैजों में लगी चटाई, वन्य प्राणियों की उचित देखरेख की जा रही



### खानपान का भी रखा जा रहा खास ध्यान

मैत्रीबाग चिड़ियाघर में आने वाले दिनों में ठंडी बढ़ने की संभावना को देखते हुए सर्दी का असर वन्य प्राणियों पर न पड़े, इसके लिए देखभाल के साथ खानपान पर नजर रखी जा रही है। ठंड में जानवरों की खुराक बढ़ जाती है। लेकिन ठंडी तासीर की खाद्य सामग्रियों से एहतियात बरतने की जरुरत होती है। ठंडी में भालुओं को खीरा, फल और हरी सब्जियां खूब भाती हैं। जानवरो को गर्मी की तरह इस मौसम में डीहाइड्रेशन की शिकायत नहीं होती लेकिन डाइट को संतुलित रखा जाता है।



### क्रोकोडायल उठा रहे सनबाथ का लुत्फ

ठंडी बढ़ने के साथ ही क्रोकोडायल अपने मोढ़ (पोखर) के किनारे सनबाथ का लुत्फ उठा रहे हैं। पोखर में तैरने के बाद किनारे पसरे दोनों मगर सैलानियों के आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। यहां दो क्रोकोडायल हैं। मछलियां खाने के बाद ठंडी की धूप उनकी दूसरी खुराक मानी जाती है। गुनगुनी धूप सेंकने के लिए क्रोकोडायल दो से तीन घंटे पानी के बाहर रहते हैं। इसके बाद फिर वे अपने पोखर में तैरते या मुंह को बाहर निकाल डूबे रहते हैं। क्रोकोडायलों व पेरिकान जैसे जलचरों को ठंडी का खतरा नहीं होता है।

# फायरिंग करने वाले फरार दो शूटर को पुलिस ने पकड़ा

## बाइक, पिस्टल और कारतूस जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

फायरिंग मामले में पुलिस ने पिस्टल, कारतूस के साथ दो युवकों को गिरफ्तार किया है। एएसपी अभिषेक झा ने बताया कि 14 नवम्बर की शाम घासीदास नगर जामुल में कैम्प 2 निवासी विकास प्रजापति पर फायरिंग कर हत्या का प्रयास का घटना हुआ था।

घटना जामुल थाना क्षेत्र का है। इसमें अब तक पुलिस ने सात आरोपियों को गिरफ्तार कर चूकी है। आरोपी करण साव ने झारखंड से भाड़े में शुटरों में झींगनगर हटिया, थाना बिहार शरीफ राजेश और जगन्नाथपुर, न्यू कॉलोनी रांची झारखंड बबलू उर्फ बडका को पुलिस ने पकड़ा है। ये दोनों शुटरों को विकास की हत्या करने के लिए बुलाया गया था। आरोपी राजेश करण का ममेरा भाई है जो रेल्वे व अन्य प्रतियोगी परीक्षा देने भिलाई आया था। शिवम की हत्या का बदला लेने के लिए राजेश की मदद लिया उसने बबलू उर्फ बडका को हत्या का जिम्मा दिया।

करण ने पिस्टल, गोलियों की व्यवस्था के लिए शुटरों को 55 हजार रुपए दिया था। घटना के बाद आरोपियों को सीजी 07 एपी 1013 में रायपुर की ओर भाग निकले। बाइक को भिलाई तीन बाजार के किनारे खडी कर आटो से आरोपी रायपुर बस स्टैण्ड पहुंचे थे। आरोपियों की निशानदेही पर पिस्टल, कारतूस(7.65), बाइक जब्त किया गया है।

# बीएसपी में दुर्घटना : मृत श्रमिक निषाद के परिजन को बीएसपी में मिलेगी अनुकंपा नियुक्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के सिंटरिंग प्लांट तीन में कार्यरत हर्षवर्धन निषाद की कार्यस्थल पर दुर्घटना में

- ठेका श्रमिक यूनियन इंटक सहित परिजनों ने की थी मांग

मृत्यु हो गई थी। मृत मजदूर के आश्रित को आज बीएसपी में अनुकंपा नियुक्ति लेटर दे दिया गया। इसके अलावा बीमा राशि भी दी गई।

मंगलवार को ठेका मजदूर हर्षवर्धन डंपर से कुचलकर मौत हो गई थी । इसके बाद मुआवजा की मांग को लेकर यूनियनों व क्षेत्रवासियों ने परिजनों के साथ इस्पात भवन के सामने प्रदर्शन किया था। स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक के अध्यक्ष संजय कुमार साहू ने बीएसपी प्रबंधन से चर्चा कर मृतक के परिवार को आर्थिक सुरक्षा और सहायता प्रदान करने की मांग की। बीएसपी प्रबंधन ने मृतक के परिवार के एक सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति देने का निर्णय लिया। इसके अलावा ठेका कंपनी द्वारा दुर्घटना बीमा के तहत 10 लाख रुपये की राशि और अंतिम संस्कार के लिए सहयोग राशि परिवार को प्रदान की गई। यूनियन ने बीएसपी प्रबंधन से ठेका श्रमिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए,सुरक्षा नियमों का कड़ाई से पालन कराने,सभी ठेका श्रमिकों के लिए 10 लाख रुपये का दुर्घटना बीमा अनिवार्य किया जाए तथा ईएसआईसी एवं पीएफ संबंधी सुविधाएं पूर्ण रूप से सुनिश्चित की जाएं।



### परिजनों को सौंपा अनुकंपा लेटर

अनुकंपा नियुक्ति पत्र सौंपने के दौरान बीएसपी की ओर से महाप्रबंधक श्री ठाकुर, महाप्रबंधक विकास चंद्र, वरिष्ठ प्रबंधक निवेश विजयन, सहायक प्रबंधक शशांक राव, उप प्रबंधक हरीश बैतूले उपस्थित थे।स्टील ठेका श्रमिक यूनियन इंटक की ओर से संजय साहू, सीपी दीनानाथ सिंह, सार्वा, आर दिनेश, मनोहर लाल, गुरुदेव साहू, संतोष ठाकुर, एवं हिट्सू यूनियन से योगेश सोनी शामिल हुए।इसके अलावा छावनी क्षेत्र से वीना चंद्राकर, तुलसी पटेल तथा मृतक के परिजन भी उपस्थित थे।

### मधु आयरन फैक्ट्री में श्रमिक की मौत

**भिलाई।** काम कर रहे श्रमिक के



ऊपर तीन चार क्विंटल लोहे का राड गिरने से गंभीर रूप से घायल हो गया। जिसे उपचार के लिए अस्पताल लाया गया। जहां उपचार के दौरान श्रमिक की मौत हो गई। मामले में पुलिस जांच कर रही है। जामुल पुलिस ने बताया कि शिव कुमार चौहान नामक श्रमिक जामुल में मधु आयरन में काम करता था। शिव मॉल शिफ्टिंग का काम करता था। अचानक शिफ्टिंग के दौरान लोहे का राड शिव के ऊपर गिर गया। गंभीर रुप से घायल को कंपनी के अन्य श्रमिकों ने उसे तुरंत अस्पताल पहुंचाया। लेकिन शरीर के विभिन्न हिस्सों में गंभीर चोट होने से उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। शिव विवाहित है उसके दो बच्चें भी है। घटना के बाद से परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। परिजनों ने कंपनी से 50 लाख रुपए की मांग की है।

# कार्मिकों को मिले अच्छे आवास थर्ड पार्टी के कब्जे कराएं खाली

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीएसपी आफिसर्स एसोसिएशन ने प्रधानमंत्री,इस्पात मंत्री और बीएसपी प्रबंधन से मांग की है कि बीएसपी कार्मिकों और अधिकारियों को बेहतर मकान उपलब्ध कराने के लिए थर्ड पार्टी आबंटित मकानों तथा कब्जेधारियों से जल्द मकान खाली कराया जाए। कई आवास कब्जे में रहने से कार्मिकों को आवास नहीं मिल पा रहे हैं और बीएसपी को भी नुकसान हो रहा है।

ओए अध्यक्ष और सेफी चेयरमेन नरेन्द्र कुमार बंछोर ने प्रबंधन को बताया कि अच्छे व बड़े मकान की उपलब्धता निरंतर काम होते जा रही है। अधिकारियों व कर्मियों को अच्छे मकान उपलब्ध कराने थर्ड पार्टी के कब्जे हटाए जाएं। सेक्टर-05, 09, 10 और 32 बंगला में अत्याधिक संख्या में बड़े मकानों में शासकीय अधिकारियों एवं पूर्व जनप्रतिनिधियों का कब्जा है तथा बीएसपी के अधिकारीगण छोटे मकानों में रहने के लिए बाध्य हैं। थर्ड पार्टी को आबंटित कई मकान वर्षों से पात्रता समाप्त होने के बाद भी इन थर्ड पार्टी आबंटितों के कब्जे में है। कई अधिकारी व कर्मचारी सेवानिवृत्ति के वर्षों बाद भी बीएसपी के मकानों पर अब तक कब्जा जमाए बैठे हुए हैं। इन कब्जों के चलते आज कार्यरत कार्मिक बेहतर मकान के लिए तरस रहे हैं। उन्होंने बताया कि थर्ड पार्टी आबंटन के बड़े मकानों के आबंटन का पुनरावलोकन किया जाना चाहिए।

### लाइसेंस योजना शुरु हो

ओए ने मांग की कि बीएसपी कार्मिकों को कार्मिकों के लिए आवश्यक मकानों को सुरक्षित रखते हुए शेष मकानों को लाइसेंस योजना के तहत बीएसपी के सेवानिवृत्त कर्मचारियों व अधिकारियों को प्राथमिकता के तौर पर आबंटित किया जाए। सेवानिवृत्तों के दीर्घ योगदान को देखते हुए रिक्त मकानों पर अवैध कब्जा को रोकने लायसेंस योजना शुरु किया जाए।

# भिलाई तीन में एक साथ तीन जगह का ताला टूटा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

तीन अलग-अलग जगह ताला तोड़कर सामान पार करने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि श्यामनगर श्याम वाटिका भिलाई तीन निवासी ममता नायक के मकान का ताला तोड़कर अज्ञात ने सोना चांदी के जेवरात पार कर दिया। परिजनों सभी अपने अपने काम में निकल थे। वापस घर पहुंचने पर पता चला कि मकान का ताला टूटा पड़ा है। मकान से नगदी रकम समेत 1.60 लाख रुपए का सामान पार हो गया है। वहीं दूसरी चोरी फैक्ट्री अकलोरडीह में हुई है। जिसकी शिकायत सुपरवाइजर हाउसिंगबोर्ड कालोनी जामुल निवासी राहुल केसरवानी ने किया है। जहां हर्ष इंड्रस्ट्रीज कम्पनी अकलोरडीह में है। जहां गोडाउन से कापर बिजली वायर गायब हो गया है। कंपनी में लगे सीसी कैमरों को चेक करने पर गोडाउन से अज्ञात चोर बिजली वायर लगभग 737 मीटर वायर 50 हजार का पार कर दिया। तीसरी घटना चरोदा स्थित स्कूल में हुई है। जहां हुडको सेक्टर निवासी जेपी श्याम स्वामी आत्मानंद अंग्रेजी विद्यालय चरोदा मे प्राचार्य है। उन्होमने शिकायत किया कि स्कुल के चैनल गेट का ताला तोड़कर अज्ञात स्कुल के भीतर प्रवेश कर आफिस रूम तक पहुंचा। चार आलमारी को खोलकर सारा सामान पार कर दिया। स्कूल के सीसीटीव्ही कंट्रोल बाक्स मे रखे 6 सामान गायब हो गए। जिसकी कीमत 49 हजार रुपए आंकी गई है।

## मंत्री गजेंद्र यादव और महापौर अलका बाघमार ने किया उद्घाटन

# रविशंकर स्टेडियम में बना बैडमिंटन कोर्ट, प्रतिभाओं को मिलेगा प्रैक्टिस का मौका

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

दुर्ग के खिलाड़ियों के लिए आज का दिन खास रहा। मंत्री गजेन्द्र यादव की पहल पर दुर्गवासियों को आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित इंडोर

- डेढ़ करोड़ की लागत से बना है बैडमिंटन कोर्ट

बैडमिंटन कोर्ट की नई सौगात मिली। रविशंकर स्टेडियम परिसर के पास तैयार इस नवनिर्मित कोर्ट के लोकार्पण कार्यक्रम में शहर के जनप्रतिनिधि, अधिकारी, नागरिक एवं बड़ी संख्या में मौजूद खिलाड़ीगण ने शामिल हुए बैडमिंटन खेलकर खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाये और बेहतर खेल सुविधाएँ उपलब्ध कराने के लिए सरकार का आभार जताया।

शिक्षा ग्रामोद्योग एवं विधी विधायी मंत्री गजेन्द्र यादव ने कहा की मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के सुशासन में दुर्ग रविशंकर स्टेडियम परिसर में शहर के प्रथम इंडोर बैडमिंटन कोर्ट भव्य लोकार्पण। यह अत्याधुनिक इंडोर सुविधा न सिर्फ खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करेगी, बल्कि खिलाड़ियों को ऊर्जा देने की दिशा में मजबूत कदम है। इस कोर्ट के साथ ही शहर में स्वीमिंग पुल और बघेरा में स्टेडियम का निर्माण जारी है जिससे खिलाड़ियों का प्रैक्टिस करने उपयुक्त स्थल मिल सके और उनके खेल प्रतिभा को तराशा जा सके।

उन्होंने आगे कहा की 1.50 करोड़ की लागत से लगभग 13,500 स्क्वायर फीट पर निर्मित इस भवन को अत्याधुनिक बनाया गया है। इस अवसर पर महापौर अलका बाघमार, श्याम शर्मा, शशि द्वारिका साहू, शिव नायक, ज्ञानेश्वर ताम्रकार, मनीष साहू, लीलाधर पाल, संजय अग्रवाल सहित अन्य उपस्थित रहे।





### अंतराष्ट्रीय मानकों को ध्यान रखकर तैयार किया गया कोर्ट

शहर के प्रथम इंडोर बैडमिंटन कोर्ट में वुडन फ्लोरिंग, उच्च गुणवत्ता वाली एलईडी लाइटिंग और अंतरराष्ट्रीय मानकों की सुविधाओं से सुसज्जित है। अब हमारे दुर्ग के खिलाड़ियों को रात्रिकालीन में भी अभ्यास सहित बेहतर प्रशिक्षण वातावरण का लाभ उठा सकेंगे। इससे दुर्ग में खेल संस्कृति को नई दिशा देने और युवा प्रतिभाओं को खेल के अभ्यास हेतु उचित स्थान उपलब्ध कराने की दिशा में यह परिसर एक मील का पत्थर साबित होगा।

## पेज 11 के शेष...

### प्राथमिक शाला ...

पहाड़, छू-छुवल जैसे पारंपरिक छत्तीसगढ़ी खेल, हिन्दी महीनों की जानकारी, अंजोर-अंधियारी खेल के माध्यम से कृष्ण पक्ष और शुक्ल पक्ष की पहचान, लोकगीत, खेल-खेल में कविता वाचन, गणितीय खेल और विभिन्न खेलकूद प्रतियोगिताएँ आयोजित की गईं। इन सभी गतिविधियों ने बच्चों में आत्मविश्वास, अभिव्यक्ति कौशल, रचनात्मकता तथा सहयोग की भावना को बढ़ाया। बच्चों ने मोबाइल से दूर रहकर समूह में खेलते हुए पारंपरिक खेलों के महत्व, सामूहिकता और आपसी सहयोग की समझ विकसित की। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के शिक्षक डागेंद्र निषाद का मार्गदर्शन महत्वपूर्ण रहा।

### एसआईआर में...

के विरुद्ध 1360 गणना पत्रक वितरण, 65.66% वोटर मैपिंग तथा 1122 (84.30%) डिजिटाइजेशन कर सराहनीय कार्य किया।

**कलेक्टर ने की बीएलओ की सराहना-** कलेक्टर रणबीर शर्मा ने बीएलओ की सराहना करते हुए कहा कि घर-घर सर्वे, नए मतदाताओं के नाम जोड़ने, त्रुटियों को सुधारने और मृत मतदाताओं के नाम हटाने जैसे कार्य अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। आपके परिश्रम ने जिले में पुनरीक्षण कार्य को गति और गुणवत्ता प्रदान की है। उन्होंने आगे कहा कि इन बीएलओ के कार्य न केवल प्रशासनिक दक्षता का उदाहरण हैं, बल्कि यह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को मजबूत बनाने वाली टीम भावना और सेवा भाव को भी प्रदर्शित करते हैं।

### कलेक्टर ने किया...

आगामी निर्वाचक नामावली पूर्णतः अद्यतन, सटीक और त्रुटि-रहित तैयार हो सके। कलेक्टर ने यह भी स्पष्ट किया कि उत्कृष्ट कार्य करने वाले बीएलओ को सम्मानित व प्रोत्साहित किया जाएगा, जबकि लापरवाही पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

# SHRI KHATU SHYAM JYOTISH















## जन्मकुण्डली विशेषज्ञ

**पं. रविकांत शर्मा / पं. एस. के. शास्त्री**




हर मुश्किल से मुश्किल समस्या का समाधान
"ज्योतिष मेरा काम नहीं, मेरी साधना है"
"जब कहीं ना हो काम, तो हमसे ले समाधान"



**ऑफिस आने पर मात्र ₹ 101/- फोन से परामर्श केवल ₹ 251/-**

व्यापार बढ़ोतरी, किया कराया,
शादी के लिए माता-पिता को मनाना

**जब कही ना हों काम, तो हमसे लें समाधान**

**पं. एस. के. शास्त्री**
जन्मकुण्डली विशेषज्ञ



## जन्म पत्रिका बनाई जाती है

- नवग्रह आदि समस्त प्रकार के ज्योतिष समाधान
- व्यापार, विवाह, नौकरी में प्रमोशन
- मकान - संतान योग
- दुकान, बच्चो के कैरियर मार्गदर्शन
- कालसर्प दोष निवारण
- प्रेम विवाह, मोहनी
- मांगलिक दोष निवारण

**बुकिंग के लिए संपर्क करें : +91 7470674060**

असुविधा से बचने के लिए
आपॉइंटमेंट लेकर ही मिलें

हमारी अन्य कोई और
शाखा नहीं है।

नोट : मिलने के लिए अपॉइंटमेंट लेना आवश्यक है।

**पोलसाय पारा चौक, दुर्ग (छ.ग.)**

मिलने का समय : सुबह 9 बजे से शाम 7 बजे तक

**संपर्क सूत्र :- पं. रविकांत शर्मा एवं पं. एस. के. शास्त्री : +91 9755964567**

## सार समाचार



### गुरू तेग बहादुर की शहीदी दिवस पर निकली बाइक रैली

**राजनांदगांव**। सनातन धर्म की रक्षा के लिए अपनी शहादत देने वाले सिख धर्म के गुरू तेग बहादुर की 350वीं शहादत दिवस के अवसर पर शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली गई। गुरू तेग बहादुर की 350वीं शहीदी दिवस पर विभिन्न धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। इसी कड़ी में गुरू दी संगत वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित इस रैली में सैकड़ों की संख्या में समाज के महिला-पुरूष शामिल हुए। गुरू भजन और धार्मिक ध्वज के साथ निकली यह रैली शहर के विभिन्न मार्गों से होते हुए गुजरी। गुरू दी संगत वेलफेयर सोसाइटी के रणदीप सिंह भाटिया ने बताया कि गुरू तेग बहादुर ने हिंदुओं की रक्षा के लिए शहादत दी थी। इसी त्याग भावना को समर्पित रैली के माध्यम से शांति एकता का संदेश दिया जा रहा है।

### चिखली में आज मानस गोष्ठी

**राजनांदगांव**। कैलाश धाम चिखली राजनांदगांव में कल 23 नवंबर को श्री तुलसी मानस प्रतिष्ठान ब्लॉक इकाई राजनांदगांव एवं श्री श्रद्धा सुमन महिला मानस परिवार चिखली के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय मानस गोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस आयोजन में मानस वक्ता के रूप में भगवती प्रसाद तिवारी, लल्लूराम वर्मा, चिंताहरण पटेल, भागवत सिंह, सुभाष गोस्वामी एवं अश्वनी देशमुख होंगे। संगीत पक्ष में नंदकिशोर साव, तोरण साहू, दिनेश साहू, वासुदेव साहू, हेमंत निषाद, पुरषोत्तम मानिकपुरी, निश्चय यादव एवं एकलव्य साहू होंगे।

### बढ़ती ठंड को देखते हुए स्कूल टाइम बदलने ज्ञापन

**राजनांदगांव**। बढ़ती ठंड को देखते हुए सुबह की पाली में लगने वाले स्कूल का समय बदलाव करने एनएसयूआई ने जिला शिक्षा अधिकारी



प्रवास सिंह बघेल को एक ज्ञापन सौंपकर स्कूलों की टाइमिंग बदलने मांग की है। एनएसयूआई जिला महासचिव राजा यादव ने बताया कि जिले में कुछ दिनों से ठंड बढ़ गई है। सुबह के तापमान में गिरावट को देखते हुए स्कूल का टाइम बदलने मांग की गई है। उन्होंने कहा कि सुबह 7 से 8 बजे के बीच ठंड का समय अधिक रहता है। जिससे बच्चों के स्वास्थ्य पर भी प्रभाव पड़ता है। एनएसयूआई के प्रदेश सचिव ऋषभ निर्मलकर ने कहा कि शिक्षा विभाग को जल्द से जल्द स्थिति को देखकर समय बदलने संबंधी आदेश जारी करना चाहिए। जिससे बच्चों के साथ-साथ अभिभावक को भी राहत मिल सके। ज्ञापन सौंपने के दौरान निर्मलकर, प्रदीप साहू, गीतेश, भूपेश सहारे, संजय सिन्हा, धनंजय बंजारे, कुलदीप साहू आदि मौजूद रहे।

## गांव से प्रशासनिक अधिकारी की ओर बढ़ाया कदम

# सीजीपीएससी में जिले के दो युवक और दो युवती ने लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा



छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग (सीजीपीएससी) द्वारा 21 नवम्बर रात्रिकालीन परीक्षा परिणाम घोषित किये गए है। इन परिणामों में जिला बेमेतरा के विधानसभा बेमेतरा के चार प्रतिभावान दो युवक व दो युवती ने हाल ही में घोषित प्रतियोगी परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने के साथ पूरे प्रदेश का नाम रोशन किया है। इन्होंने अपने गांव व जिले के नाम रौशन कर परिवार व शिक्षकों का गौरव बढ़ाया।

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग 2025 परीक्षा परिणाम आ चुके है। जिसमें जिला बेमेतरा के ब्लॉक व जनपद पंचायत बेमेतरा के ग्राम पंचायत हेमाबन्द की रहने वाली सुष्मिता टोंडरे पिता संजय टोंडरे ने 28 वे रैंक पाकर डिप्टी कलेक्टर (डीसी) पद पर चयनित हुई। वही शहर के निवासी किशोर कुमार जायसवाल पिता गोविंद जायसवाल ने सीजीपीएससी में 122वीं रैंक लाकर सहायक जेल अधीक्षक पद पर चयनित हुए है। इसके अलावा ब्लॉक व जनपद पंचायत बेरला अंतर्गत आने वाले ग्राम पंचायत केशडबरी निवासी संदीप बघेल का डीएसपी में चयन हुआ उनका 13 वा रैंक हासिल किया। इसी तरह बेरला क्षेत्र के ग्राम पंचायत मोहभट्ठा निवासी कु. नेहा मारकंडे पिता पूरब मारकंडे ने 218वीं रैंक लाकर आयकर अधिकारी (वित्त विभाग) के पद पर चयनित हुई। इस दौरान ग्राम केशडबरी में संदीप बघेल सहित अन्य चयनित के आगमन पर उनके ग्राम में परिवार एवं रहवासी जमकर स्वागत सत्कार किए।





# मानसिक रूप से अस्वस्थ महिला के लिए दी गई विधिक सहायता



हरिभूमि न्यूज ⏭ बेमेतरा

नालसा एवं सालसा द्वारा चलाये जा रहे योजना के अंतर्गत मानसिक रूप से कमजोर व्यक्ति को निःशुल्क विधिक सहायता प्रदान किये जाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बेमेतरा के अधिकार मित्र संजीव शर्मा जो थाना-दाढ़ी में विधिक सहायता व सलाह हेतु नियुक्त है।

उनके द्वारा ग्राम मोढ़े, थाना दाढी, जिला-बेमेतरा में निवासरत कपिल साहू को मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्ति को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के माध्यम से निःशुल्क विधिक सहायता उपलब्ध कराये जाने की जानकारी देने पर उक्त व्यक्ति द्वारा अपनी पत्नी शारदा साहू, उम्र 23 वर्ष के मानसिक रूप से अस्वस्थ्य होने की जानकारी देने पर अनिता कोशिमा रावटे सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा पीड़ित पक्ष की कार्यवाही करते हुए अधिकार मित्र को निर्देशित करते हुए पीडित महिला को सखी वन स्टॉप के कर्मचारियो माध्यम से पीड़िता की मानसिक स्वास्थ्य की जॉच जिला चिकित्सालय, बेमेतरा में मानोरोग विशेषज्ञ द्वारा करवाकर पीड़ित व्यक्ति की जाँच उपरांत मानसिक उपचार हेतु मानसिक चिकित्सालय सेंदरी, बिलासपुर रिफर किया गया।

### सात दिवसीय गीता जयंती मनाने का लिया निर्णय

**राजनांदगांव**। अखिल भारतीय पुजारी पुरोहित संघ की ग्राम बोरी में आयोजित बैठक में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक में गीता जयंती को सात दिनों तक मनाने का निर्णय लिया गया। जिसमें विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसके अलावा बंधावीर वैरागी की जयंती मनाने का भी निर्णय लिया गया। बैठक में राष्ट्रीय अध्यक्ष देवकुमार निर्वाणी ने सुदामा चरित्र का वर्णन किया और बताया कि कैसे सुदामा ने अपने मित्रों के संकट को स्वयं ग्रहण किया और भगवान कृष्ण को संकट से बचाया। अनिल नागवंशी ने भी अपनी बातें रखी और संगठन को मजबूत करने पर जोर दिया।

# 5 प्रकरणों में साढ़े 6 लाख के 207 क्विंटल अवैध धान जब्त



■ जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर की जा रही कड़ी कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

कलेक्टर जितेन्द्र यादव के निर्देशानुसार जिले में अवैध धान बिक्री की रोकथाम के लिए कोचियों एवं बिचौलियों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। आने वाले समय में कोचियों एवं बिचौलियों द्वारा अवैध धान की बिक्री करने की पुनरावृत्ति होने एवं संलिप्त पाए जाने पर अपराधिक प्रकरण भी दर्ज किए जा सकते हैं।

राजस्व, खाद्य, मंडी विभाग के संयुक्त दल द्वारा शनिवार को कुल 5 प्रकरणों में 6 लाख 41 हजार 700 रुपए मूल्य के 207 क्विंटल (518 बोरा) अवैध धान जब्त किया गया। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक कुल 35 प्रकरणों में 1 करोड़ 19 लाख 62 हजार 900 रुपए मूल्य के 3859 क्विंटल (9648 बोरा) अवैध धान एवं 2 वाहन जब्त किया गया है। राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 1 प्रकरणों में 93 हजार रुपए मूल्य के 30 क्विंटल (75 बोरा) अवैध धान एवं डोंगरगढ़ अनुविभाग में 4 प्रकरण में 5 लाख 48 हजार 700 रुपए मूल्य के 177 क्विंटल (443 बोरा) अवैध धान जब्त किया गया है। इसी तरह खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में अब तक राजनांदगांव अनुविभाग में कुल 20 प्रकरणों में 74 लाख 36 हजार 900 रुपए मूल्य के 2399 क्विंटल (5998 बोरा) अवैध धान, डोंगरगढ़ अनुविभाग में 11 प्रकरण में 36 लाख 39 हजार 400 रुपए मूल्य के 1174 क्विंटल (2935 बोरा) अवैध धान व 2 वाहन तथा डोंगरगांव अनुविभाग में कुल 4 प्रकरणों में 8 लाख 86 हजार 600 रुपए मूल्य के 286 क्विंटल (715 बोरा) अवैध धान जब्त किया गया है। जिले में कोचियों एवं बिचौलियों पर लगातार कार्रवाई की जा रही है। जिले के 1500 छोटे एवं बडे मंडी अनुज्ञप्तिधारियों को सूचीबद्ध कर अनुविभागीय अधिकारी, तहसीलदार एवं खाद्य व मंडी के अधिकारियों को जांच कर अवैध रूप से भंडारित धान जब्त किए जाने तथा सख्त कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिए गए हैं। जिले में अंतर्राज्यीय अवैध धान आवक के रोकथाम हेतु जिले में कुल 3 अंतर्राज्यीय चेकपोस्ट बोरतलाब, पाटेकोहरा एवं कल्लूबंजारी स्थापित किया गया है।

# चिखली में काम्बिंग गश्त से असामाजिक तत्वों में हड़कंप

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर में कई इलाकों में पुलिस ने आधाी रात काम्बिंग गश्त चलाया। इस दौरान महावीर चौक, गौरव पथ एवं यातायात पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर संदिग्ध वाहन, व्यक्ति, वस्तु की जांच और मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक अंकिता शर्मा के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा द्वारा पुलिस जवानों को ब्रीफ कर अलग-अलग तीन टीम बनाकर संबंधित क्षेत्र में रवाना किया गया। रात

10 से 1 बजे तक चले इस काम्बिंग गश्त के दौरान 3 राजपत्रित अधिकारी एएसपी राहुल देव शर्मा, सीएसपी पुष्पेंद्र नायक, डीएसपी ऑप्स अम्ब्रोस कुजुर और 6 इंस्पेक्टर सहित कोतवाली, बसंतपुर, लालबाग, चिखली चौकी, तुमड़ीबोड एवं रक्षित केन्द्र के 50 से अधिक पुलिस अधिकारी-कर्मचारी अभियान में शामिल रहे।



#### जारी रहेगा अभियान

पुलिस के अनुसार विशेष काम्बिंग गश्त असामजिक तत्वों में कानून के प्रति भय और जनता का पुलिस के प्रति भरोसे में वृद्धि के लिए है, जो आगे नियमित रूप यह अभियान जारी रहेगा।

#### संदिग्धों की जांच

इस दौरारन चिखली के बजरंगपुर, नवागांव, शंकरपुर, गौरीनगर एवं थाना बसंतपुर के राजीव नगर, देवारपारा में स्कूल मैदान, खेल मैदान, चौक-चौराहों आदि सार्वजनिक स्थानों को चेक किया गया। शहर के महावीर चौक, गौरव पथ में यातायात पुलिस द्वारा एमसीपी लगाकर संदिग्ध वाहन, व्यक्ति, वस्तु की जांच और मोटर व्हीकल एक्ट की कार्रवाई की गई।

# प्रधान पाठक रूखमणी सेन को विद्यालय परिवार ने दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ साजा



विदाई समारोह में स्कूल के प्रति अटूट प्रेम देखने को मिला,खबर है शासकीय प्राथमिक पूर्व माध्यमिक शाला खपरी धोबी विकास खंड -साजा की,श्री मति रूखमणी सेन प्रधान पाठक स्थानांतरण होने पर विद्यालय परिवार विदाई समारोह का आयोजन रखा , समारोह की शुरुआत मां सरस्वती की पुजा अर्चना कर हुई, तत्पश्चात मुख्य अतिथि के रूप मे विदा ले रही रूखमणी सेन रही जिसका विद्यालय के शिक्षिकाओं दुवारा पुष्पमाला पहनाकर स्वागत अभिनन्दन किया गया।

उपस्थित सरपंच गिरधारी निर्मलकर व शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष श्री मति पुरजंनी निर्मलकर शेष नारायण निर्मलकर व उपस्थित पंचगणो का स्वागत हुआ, उद्बोधन की कड़ी मे प्रभारी प्रधान पाठक तारकेश्वर निर्मल, सहायक शिक्षक थुकेल राम तारम, शिक्षक चंद्रशेखर कश्यप ने रूखमणी सेन मैडम को व्यवहार कुशल और मिलन सार बताया, बच्चों के हित मे हमेशा सोचने वाली बताया।

सरपंच गिरधारी निर्मलकर ने कहा रूखमणी सेन मैडम बहुत ही अच्छी थी हमेशा बच्चों के हित मे सोचती थी, बच्चों के सभी पहलुओं पर बात करती थी, आपका स्थानांतरण से जाना हमारे विद्यालय के लिए बच्चों के लिए अच्छा नही हुआ,आप हमेशा इस विद्यालय से संपर्क बनाये रखना हमारे बच्चों पर आशीर्वाद बनाये रखना। विदा ले रही प्रधान पाठक रूखमणी सेन ने कही मै इस विद्यालय मे दो वर्ष सेवा दी हुं,सभी मेरे प्यारे बच्चे सभी बहुत ही अच्छे और संस्कारी है,यहा के प्रधान पाठक धनेश रजक सहित सभी शिक्षक शिक्षिका बहुत ही सरल और सहयोगी स्वभाव के हैं,इस विद्यालय से मूझे बहुत कुछ सीखने को मिला, प्रधान पाठक धनेश रजक एक छोटे भाई की तरह है पर उनका जो बच्चों के प्रति विद्यालय के प्रति जो काम करने का तरीका है वे बहुत ही अच्छा है, हमेशा बच्चों के हित मे सोचता है,लोगो से बच्चों के हित मे विद्यालय हित मे मदद केसे लेना है यह धनेश रजक से सीखने को मिलता है।

**ये रहे उपस्थितः** विदाई समारोह मे प्रभारी प्रधान पाठक तारकेश्वर निर्मलकर,थुकेल राम तारम, विजय लक्ष्मी रावत, चंद्रशेखर कश्यप,गुनिता यामिनी निर्मलकर,सफाई कर्मी रूपचंद यादव, बिहारी यादव,रसोईया श्यामा बाई,सुरेखा, पार्वती,अमोला व सरपंच गिरधारी निर्मलकर,पुरंजनी निर्मल कर, शेष नारायण निर्मलकर,व सभी पालकगण व स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।

# शराब कोचिया से 18 पौवा देशी मसाला जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

अवैध रूप से शराब रखने के मामले में पुलिस ने कोचिया को पकड़कर 18 पौवा देशी मसाला शराब बरामद कर कार्रवाई की है। वहीं शराब पीने के लिए पैसों की मांग करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार कर कार्रवाई की है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा एवं नगर पुलिस अधीक्षक वैशाली जैन, पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक के दिशा-निर्देश पर अवैध शराब बिक्री एवं अपराधों पर अंकुश लगाने हेतु लगातार विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है।



#### प्रतिबंधक धाराओं के तहत भी कार्रवाई

पुलिस के अनुसार निरीक्षक एमन साहू थाना प्रभारी बसंतपुर के नेतृत्व में विशेष अभियान के तहत टीम गठित कर 21 नवंबर को मुखबीर की सूचना के आधार पर आरोपी योगेश ठाकुर 21 साल निवासी बांसपाईपारा को अवैध रूप से शराब रखते पाए जाने से आरोपी के कब्जे से 18 पौवा देशी मशाला शराब कीमती 1800 रुपए जब्त कर आरोपी के विरूद्ध धारा 34 ए आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई कर आरोपी के विरूद्ध पृथक से प्रतिबंधात्मक धाराओं के तहत कार्रवाई किया गया।

#### शराब पीने पैसे की मांग, पकड़ाए

एक अन्य मामले में प्रार्थी ने थाना हाजिर आकर लिखित आवेदन दिया कि यह अपने साथियों के साथ गुरूद्धारा के पीछे गरम कपड़ा का दुकान लगाता है। 21 नवंबर के रात्रि 8 बजे वह अपने दुकान में गरम कपड़ा बेच रहा था, उसी समय राहुल निषाद और चितेश उपाध्याय निवासी जमातपारा ने शराब के नशे में आकर उसके साथ गाली-गुप्तार करने लगे और शराब पीने के लिए पैसे की मांग करने लगे। प्रार्थी द्वारा पैसे देने से मना करने पर जान से मारने की धमकी देकर इसे व इसके छोटे भाई के साथ मारपीट किए हैं। रिपोर्ट पर धारा 296, 115(2), 351 (2), 119(2), 3(5) भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण के विवेचना के दौरान आरोपियों को हिरासत में लेकर थाना लाकर पूछताछ किया गया, जो जुर्म करना स्वीकार किए। आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया एवं न्यायालय से आरोपियों का जेल वारंट प्राप्त होने पश्चात जेल दाखिल किया गया।

### नशामुक्ति अभियान के तहत मानव श्रृंखला

**राजनांदगांव**। कॉन्फ्लूएंस कॉलेज की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई एवं एल्युमनी एसोसिएशन द्वारा नशामुक्त भारत अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण अभियान का आयोजन किया गया। इस आयोजन में विद्यार्थियों ने मानव श्रृंखला बनाकर लोगों को नशामुक्ति के प्रति जागरूक किया।कार्यक्रम अधिकारी प्रो. विजय मानिकपुरी ने कहा कि मानव श्रृंखला का मुख्य उद्देश्य समाज में नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और लोगों को नशे से दूर रहने प्रेरित करना है। इस आयोजन के माध्यम से विद्यार्थियों ने समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। प्राचार्य डॉ. रचना पांडे ने बताया कि नशा किसी भी विद्यार्थी का नहीं, बल्कि उसके सपनों का भविष्य छीनता है। जागरूकता ही इससे बचाव का सबसे सशक्त माध्यम है। इस अभियान में प्रीति इंदौरकर विभागाध्यक्ष एवं दिव्या श्रीवास्तव का विशेष योगदान रहा। इस अवसर पर भूतपूर्व छात्र कौशल साहू, गरिमा निर्मलकर, प्रिया कुंजाम परमेश्वर साहू सहित छात्रगण उपस्थित रहे।




# जमीन बेचने के नाम पर लाखों की ठगी, एफआईआर के निर्देश

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजनांदगांव

शहर के सहदेव नगर निवासी एक युवक द्वारा लंबे समय से लोगों को जमीन दिखाकर उनके साथ धोखाधड़ी की जा रही है। इस मामले को लेकर धोखाधड़ी का शिकार हुए कुछ लोग आज मामले की शिकायत करने एसपी कार्यालय पहुंचे। यहां उन्होंने ज्ञापन के माध्यम से एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई की मांग की है।

एसपी कार्यालय पहुंचे नोमेश वर्मा ने बताया कि वर्ष 2019 में सहदेव नगर निवासी सईद खान ने लखोली बायपास के समीप उन्हें लगभग 5000 स्क्वायर फीट का एक प्लॉट दिखाकर एग्रीमेंट किया और 6 लाख रुपए ले लिए। इसके बाद उसने जमीन की रजिस्ट्री कराने टालमटोल की, तब पैसा वापस मांगने पर पैसा भी नहीं दिया। वहीं एक अन्य शिकायतकर्ता निरंकार पलाई ने बताया कि सईद खान ने उनसे भी 1000 स्क्वायर फीट जमीन बिक्री के लिए ढाई लाख में सौदा किया था और 2 लाख 30 हजार रुपए चेक पर, फोन-पे के माध्यम से उसे दिया गया है। इसके बाद उसने जमीन की रजिस्ट्री नहीं कराई और पैसा भी वापस नहीं किया है।



#### कई बार हुई शिकायत

ठगी का शिकार हुए लोगों द्वारा थाना में शिकायत करने के बाद कई बार सईद खान को बुलाया गया और उसने थाना में रुपए वापस करने लिखकर भी दिया, लेकिन इसके बाद भी उसने किसी के रुपए वापस नहीं किए। इस मामले में एसपी अंकिता शर्मा से शिकायत करने के बाद एसपी ने मामले को गंभीरता से लिया और एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए।

#### फर्जी जमीन दिखाकर ठगी

एसपी कार्यालय पहुंचे शिकायतकर्ताओं ने कहा कि लगभग 8-10 लोगों के साथ सईद खान ने इसी तरह जमीन बिक्री के नाम पर ठगी की है। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि रुपए देने सहित एग्रीमेंट और अन्य दस्तावेज सभी के पास है। इसके बावजूद थाना में कई बार आवेदन किया गया, पर उसके खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं किया गया। शिकायतकर्ताओं ने बताया कि सईद खान द्वारा जिस जमीन को दिखाकर सौदा किया जाता रहा, वह जमीन भी उसकी नहीं है।

#### एफआईआर दर्ज कर होगी कार्रवाई

जमीन दिखाकर धोखाधड़ी करने की शिकायत मिली है। मामले की तस्दीक करके एफआईआर कर कार्रवाई की जाएगी।

-अंकिता शर्मा, एसपी

### गुरू तेज बहादुर की 350वीं जयंती पर विभिन्न आयोजन

**डोंगरगढ़**। सिख पंथ के नवें गुरू हिंद की चादर के नाम से विख्यात गुरू तेग बहादुर की शहादत के 350 साल पूरे हो रहे हैं। संपूर्ण देश में ही नहीं पूरे विश्व में उनकी शहादत को याद कर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। डोंगरगढ़ सिख समाज द्वारा इस अवसर पर 24 नवंबर को शहीदी शताब्दी समागम पर नगर में एक जागरण यात्रा निकाली जा रही है। जिसमें समाज के लोगों के अलावा विभिन्न जनप्रतिनिधिगण, समाजसेवी संस्थाओं के प्रमुख, समाज प्रमुख, शिक्षाविद, पत्रकार व बुद्धिजीवी शामिल होंगे। यह जागरण यात्रा प्रातः 10.30 बजे गुरुद्वारा गुरू सिंह सभा के सामने से निकाली जाएगी, जो रेलवे चौक, खंडूपारा, जयस्तंभ चौक, गोल बाजार, जैन मंदिर मार्ग, भंडारी चाल, बुधवारी बाजार होते हुए वापस गुरुद्वारा जाकर समाप्त होगी। विभिन्न स्थानों पर नवें बादशाह गुरू तेग बहादुर के बारे में प्रमुख लोग अपने व्यक्तत्व भी रखेंगे। इस आशय की जानकारी देते समाज के प्रधान परमजीत सिंह व सचिव सम्मी भाटिया ने बताया कि यह यात्रा सर्व समाज की यात्रा होगी।